मुर्गी फार्म में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

सुबह फार्म पर पहुंचे परिजनों ने देखा शव

पट्टी, प्रतापगढ़। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के किठौली जलालपुर गांव में मंगलवार रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। बुधवार सुबह उसका शव मुर्गी फार्म में एंगल के सहारे रस्सी से लटकता मिला। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव निवासी रामचंद्र वर्मा का २५ वर्षीय बेटा विवेक वर्मा मुर्गी फार्म चलाता था। मंगलवार रात वह फार्म पर था। बुधवार सुबह परिजन फार्म पर पहुंचे तो उसका शव एंगल में रस्सी से लटकता देखकर उनके होश उड़ गये। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गये। लोगों ने शव को नीचे उतारा और घर ले गये। विवेक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके छोटे भाइयों के नाम अभिषेक वर्मा और अनुज कुमार वर्मा हैं। परिवार में सबसे छोटी १५ वर्षीय बहन सेजल है। अभी किसी भी भाई-बहन की शादी नहीं हुई थी। युवक की अचानक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घर पर लोगों की भीड़ जुट गयी। घटना के बाद गांव में भी शोक का माहौल है। विवेक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं हो सकी है। पुलिस ने षव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

हृदयाघात से प्रधानाध्यापक का निधन, कोहराम

पट्टी, प्रतापगढ़। क्षेत्र के उड़ैयाडीह निवासी प्रधानाध्यापक संतोष कुमार जायसवाल (४६) का बुधवार सुबह हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं, शिक्षक समुदाय में शोक की लहर दौड़ गयी।

संतोष कुमार जायसवाल प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे। वह पूर्व एनपीआरसी एवं प्रधानाध्यापक मंटू लाल जायसवाल के पुत्र थे। बुधवार सुबह अचानक हार्ट अटैक आने से उनकी मौत हो गयी। उनके असामयिक निधन से परिजनों और परिचितों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पति की मौत से पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। बच्चों का भी रो-रोकर हाल बेहाल है। दुख की इस घड़ी में परिवार को सांत्वना देने के लिए रिश्तेदारों, परिचितों और शुभचिंतकों का घर पहुंचना जारी है। शिक्षक के निधन से शिक्षा जगत में गहरा शोक व्याप्त है।



देवली में ग्रामीणों से संवाद करते डीएम अभिषेक पाण्डेय।

डीएम ने देवली गांव पहुंचकर जानी ग्रामीणों की समस्या

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय शिकायतकर्ता की शिकायत के क्रम में ग्राम देवली (फूलपुर) पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित प्रकरण की जांच की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर गांव में स्वास्थ्य एवं आवागमन से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से बच्चों के टीकाकरण की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों द्वारा बच्चों का टीकाकरण न होने की जानकारी दिये जाने पर उन्होंने संबंधित खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि गांव में बच्चों का टीकाकरण अभियान चलाकर शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय।

जिलाधिकारी ने गांव में सड़क की स्थिति का भी निरीक्षण किया। सड़क के जर्जर होने पर उन्होंने लीलापुर से सण्डवा चंद्रिका तक सड़क की मरम्मत कराने के लिए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को आवश्यक निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि सड़क की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं मूलभूत सुविधाओं से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कारर‌वाई करते हुए शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जाय।

डीएम ने एफएलसी केंद्र का किया निरीक्षण

प्रतापगढ़। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय पूरेकेशवराय में स्थापित एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम की जांच प्रक्रिया सहित निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि ईवीएम की एफएलसी प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं प्रोटोकाल के अनुरूप पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न करायी जाय। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ईवीएम की जांच के दौरान निर्धारित मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक प्रक्रिया को नियमानुसार पूरा किया जाय।जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन से संबंधित प्रत्येक कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है। इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनियमितता की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने एफएलसी केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिये।

किशोरी का अपहरण आरोपित के खिलाफ केस

लालगंज, प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के स्वरूप कुंवर का पुरवा मंगापुर निवासी मनोज रैदाश की पत्नी दुर्गादेई ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बारह अक्तूबर को शाम चार बजे उसकी सोलह वर्षीया बेटी घर से समान लेने गयी थी। तभी वहां मौजूद गांव के ही प्रदीप पुत्र शिवकुमार रैदाश द्वारा उसकी बेटी को अपहृत कर लिया गया है। पीड़िता ने बेटी के साथ अप्रिय घटना की आशंका जतायी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज किया है।

साथी के निधन पर जताया गया शोक

लालगंज, प्रतापगढ़। तहसील में बुधवार को साथी के निधन पर अधिवक्ताओं ने बैठक कर शोक जताया है। हर्षपुर कोटवा निवासी अधिवक्ता ओम प्रकाश यादव (४५) का बीमारी के चलते चण्डीगढ़ के एक अस्पताल में बुधवार की सुबह इलाज के दौरान निधन हो गया। जानकारी मिलने पर अधिवक्ताओं ने शोकसभा कर दुःख जताया। वहीं अधिवक्ताओं ने न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। बैठक की अध्यक्षता राजेश चन्द्र तिवारी व संचालन शिवरंजन यादव ने किया।

अनुपस्थित मतदान कार्मिक आज लें प्रशिक्षण, नहीं तो होगी एफआईआर

डीएम ने अफीम कोठी में एमएलसी चुनाव के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-२०२६ को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने मुख्य विकास अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी डा. राममोहन मीना के साथ क्षेत्रीय ग्रामीण विकास संस्थान अफीम कोठी में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन संबंधी तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारी प्रथम से चौलेंज वोट, टेंडर वोट, मतपत्र लेखा तैयार करने तथा पीठासीन अधिकारी की डायरी भरने से संबंधित सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि सभी मतदान कार्मिक पूरे मनोयोग और गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें। निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी शंका का समाधान मास्टर ट्रेनर से अवश्य कर लें, ताकि मतदान के दिन किसी तरह की परेशानी न हो। डीएम ने मास्टर ट्रेनरों को भी निर्देश दिया कि मतदान कार्मिकों को निर्वाचन प्रक्रिया की बारीकियों की जानकारी सरल एवं स्पष्ट तरीके से दें। उन्होंने चेतावनी दी कि जो मतदान कार्मिक अभी तक प्रशिक्षण प्राप्त नहीं कर सके हैं, वे १५ अक्तूबर २०२६ को सुबह १० बजे अफीम कोठी में प्रथम पाली के प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से शामिल हों। अनुपस्थित रहने पर संबंधित कार्मिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने सहित कारर‌वाई की जायेगी। प्रशिक्षण में सुपर मास्टर ट्रेनर डा. विंध्याचल सिंह, डा. मोहम्मद अनीस और धर्मेंद्र ओझा तथा तकनीकी मास्टर ट्रेनर शिवपाल ने मतदान प्रक्रिया, पीठासीन अधिकारी के दायित्व, लिफाफों में अभिलेख जमा करने और निर्वाचन आयोग के नए दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। इस अवसर पर एडीएम प्रेमचंद मौर्य, जिला विकास अधिकारी अशोक आर्य, डीआईओएस ओमकार राणा सहित अन्य अधिकारी प्रशिक्षु मतदान कार्मिक उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति के तहत डीएम-एसपी ने छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

प्रतापगढ़। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-६.० के अंतर्गत बुधवार को पुलिस लाइन प्रतापगढ़ स्थित सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने प्रतिभाग कर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।



पुलिस लाइन में प्रशस्ति पत्र प्राप्त करती छात्रा ।

कार्यक्रम में जीजीआईसी कालेज, संस्कार ग्लोबल स्कूल एवं साकेत इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति की। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उत्कृष्ट सहभागिता के लिए छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अधिकारियों ने छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें शिक्षा के साथ-साथ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे किसी भी प्रकार की समस्या अथवा असुरक्षा की स्थिति में बिना संकोच संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दें।

उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कहा कि जनपद पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्राओं से जागरूक रहने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति में तत्काल पुलिस की सहायता लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महिला एवं बालिका सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जागरूकता प्रदान की गयी तथा शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा. राममोहन मीना, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय, सहायक पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी रानीगंज प्रशान्त राज, प्रतिसार निरीक्षक राजीव राय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।



लालगंज ब्लाक मुख्यालय पर प्रदर्शन करती महिला केयर टेकर।

महिला केयर टेकरों ने मानदेय सहित विभिन्न मांगों को लेकर दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

लालगंज, प्रतापगढ़। सामुदायिक शौचालयों में सेवारत महिला केयर टेकरों ने मानदेय के सीधे खाते में भुगतान की मांग को लेकर ब्लाक मुख्यालय पर बुधवार को धरना प्रदर्शन किया। वहीं लालगंज खण्ड विकास अधिकारी को सात सूत्रीय मांग पत्र सौपा है।

महिला केयर टेकरों ने मांग पत्र में ग्राम पंचायत के प्रशासको तथा सचिवों पर मानदेय भुगतान को लेकर उत्पीड़न का भी आरोप लगाया है। वहीं मांग पत्र में राज्य कर्मचारी का दर्जा दिये जाने, यूनिफार्म, कैशलेस इलाज की सुविधा, नौकरी का स्थायीकरण, सरकारी छुट्टियां दिये जाने आदि की भी मांग उठाई गयी है। बीडीओ मानवेन्द्र शर्मा ने मांग पत्र पर समुचित कारर‌वाई का भरोसा दिलाया। इस मौके पर सावित्री, नीलम, मोहिनी, गीता, कविता, ममता, कमला, सुनीता आदि मौजूद रही।

संस्कार ग्लोबल स्कूल में जनगणना-२०२७ के अंतिम प्रशिक्षण बैच का डीएम ने किया निरीक्षण

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने मुख्य विकास अधिकारी डा. राममोहन मीना के साथसंस्कार ग्लोबल स्कूल में आयोजित जनगणना-२०२७ के तृतीय एवं अंतिम बैच के प्रशिक्षण के अंतिम दिवस का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, व्यवस्थाओं एवं प्रशिक्षणार्थियों को दी जा रही जानकारी का जायजा लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल ३८ प्रतिभागी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण की प्रगति के संबंध में जानकारी लेते हुए प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में बताए जा रहे विषयों एवं प्रक्रियाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रशिक्षण स्थल पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना-२०२७ का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए सभी कार्मिकों को अपने दायित्वों एवं निर्धारित प्रक्रियाओं की पूरी जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के दौरान दी जा रही जानकारी को गंभीरता से समझें और जनगणना कार्य के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं मानकों का पूरी तरह पालन करें।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना से जुड़े कार्यों को सुचारु, सटीक, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाये रखने तथा प्रत्येक कार्मिक को उसके दायित्वों की स्पष्ट जानकारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना कार्य में सटीक आंकड़ों का संकलन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए कार्य के प्रत्येक चरण में सावधानी, पारदर्शिता एवं निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनगणना-२०२७ का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

ग्राम प्रधान ने मारपीट और धमकी का लगाया आरोप

दस दिन बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं

बाबागंज, प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के गुजवर गांव के ग्राम प्रधान मोहम्मद सरवर ने मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। उनका आरोप है कि भूमिधरी जमीन पर बने छप्पर और टीनशेड को गिराने का विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गयी। शिकायत के मुताबिक, गाटा संख्या ७०१ की जमीन पर कारर‌वाई के दौरान विधिक आदेश दिखाने की मांग करने पर आरोपितों ने कथित तौर पर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। पीड़ित ने घटना का वीडियो साक्ष्य होने की बात भी कही है। मोहम्मद सरवर ने पांच अक्तूबर को अधिकारियों को प्रार्थनापत्र देकर कारर‌वाई की मांग की थी। उनका आरोप है कि दस दिन बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। पुलिस जांच का आश्वासन दे रही है। हालांकि पुलिस जाच कर कारर‌वाई करने की बात कह रही है।



बलीपुर कचेहरी स्थित प्रतिष्ठान से नमूने लेती खाद्य टीम।

ई-कामर्स प्रतिष्ठानों पर खाद्य विभाग की छापेमारी

कुट्टूआटा एवं हल्दी पाउडर के नमूने लिये

प्रतापगढ़। नवरात्रि पर्व को देखते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से बुधवार को नगर क्षेत्र में ई-कामर्स प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान टीम ने कुटू के आटे और हल्दी पाउडर के नमूने संग्रहित किए।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक आयुक्त अभय कुमार सिंह के निर्देशन और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सचल दल ने कारर‌वाई की। टीम ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-२००६ के प्रावधानों के तहत प्रतिष्ठानों में उपलब्ध खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की। अभियान के दौरान बलीपुर कचहरी रोड स्थित ब्लिंक कामर्स प्राइवेट लिमिटेड (ब्लिंकिट) के प्रतिष्ठान से महालक्ष्मी ब्रांड के कुटू आटे का नमूना लिया गया। वहीं, कटरा रोड स्थित रोजाना रूरल कामर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिष्ठान से हिल्टन ब्रांड के हल्दी पाउडर का नमूना संग्रहित किया गया। कुल दो नमूनों को जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कारर‌वाई की जायेगी। अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार नन्हकू, शहाब उद्दीन सिद्दीकी, डा. शमशुन नेहा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नवरात्र व्रत में शुगर और बीपी के मरीज बरतें सावधानी-डा. राजीव

परियावां, प्रतापगढ़। शारदीय नवरात्र में नौ दिन तक व्रत रखने वाले मधुमेह और उच्च रक्तचाप के मरीजों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। लंबे समय तक खाली पेट रहने और खानपान में बदलाव से रक्त में शुगर का स्तर घट-बढ़ सकता है। इससे स्वास्थ्य संबंधी परेशानी भी हो सकती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाकांकर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव द्विवेदी ने बताया कि व्रत के दौरान फल, दूध, दही और अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों को आहार में शामिल करें। पर्याप्त पानी पीते रहें, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। मधुमेह के मरीज नियमित रूप से शुगर की जांच करें और डाक्टर की सलाह के बिना दवा बंद न करें या उसकी खुराक में बदलाव न करें। उन्होंने कहा कि बीपी के मरीज भी नियमित रूप से रक्तचाप की निगरानी करें। अधिक नमक वाले फलाहार और तली-भुनी चीजों से बचें। चक्कर, अत्यधिक कमजोरी, पसीना या घबराहट होने पर लापरवाही न करें और चिकित्सकीय सलाह लें।

पर्वों को लेकर डीएम ने पूजा स्थलों की परखी व्यवस्था

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने मंगलवार देर रात्रि शारदीय नवरात्रि, दशहरा, मूर्ति विसर्जन एवं भरत मिलाप मेले के दृष्टिगत माँ बेल्हा देवी धाम, भरत चौक तथा मूर्ति विसर्जन स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा, साफ-सफाई, विद्युत, यातायात एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पर्वों के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए प्रमुख स्थलों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा नियमित साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने मार्गों को अतिक्रमण मुक्त रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाये रखने के निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि भीड़ प्रबंधन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि किसी भी स्थान पर अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा आवश्यकतानुसार सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिये गये। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि पर्वों के दौरान श्रद्धालुओं एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी आयोजन सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हों। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने तथा व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

आग से झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

पांच दिन तक जिंदगी और मौत से जूझता रहा विवेक

गौरा, प्रतापगढ़। फतनपुर थाना क्षेत्र के कलानी, पढ़वा नसीरपुर निवासी विवेक पांडेय उर्फ चंकी (३५) की असम में इलाज के दौरान मौत हो गयी। वह वहां एक केमिकल फैक्ट्री में काम करते थे। पांच दिन पहले काम के दौरान फैक्ट्री में अचानक आग लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गये थे। आग की लपटों से घिरने पर विवेक जान बचाने के लिए छटपटाते हुए मंजिल से नीचे कूद गये। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा था। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी असम पहुंच गये और इलाज के दौरान उनकी देखभाल कर रहे थे। पांच दिन तक जिंदगी और मौत से संघर्ष करने के बाद बीती रात विवेक ने दम तोड़ दिया। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव और क्षेत्र में भी शोक की लहर दौड़ गयी। विवेक दो भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके दो बेटे चाहत (१२) और शिवांश (१७) हैं। पति की मौत से पत्नी पूनम का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के सामने दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद रिश्तेदारों, शुभचिंतकों और ग्रामीणों ने शोक जताया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की।

पत्नी की पिटायी को लेकर पति पर मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। पति द्वारा पत्नी की पिटाई को लेकर लालगंज पुलिस ने केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के थरिया निवासी शंकर गौड़ की पत्नी सरोज ने दी गयी तहरीर में कहा है कि वह लालगंज में जंगली वीर बाबा के पास किराये के मकान में रहती है। बीती तेरह अक्तूबर को सुबह दस बजे लालगंज सरकारी अस्पताल के सामने की दुकान पर राशन लेने गयी थी। तभी उसके पति शिवशंकर गौड़ ने उसे गाली दी। मना करने पर आरोपित ने उसे मारापीटा। शोर मचाने पर उसका पति जानलेवा धमकी देकर चला गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मारपीट तथा धमकी व गाली गलौज का केस दर्ज किया है।

एंटी रोमियो पुलिस टीम ने मनचले को पकड़कर भेजा जेल

सांगीपुर, प्रतापगढ़। स्थानीय बाजार में दुर्गा पूजा पण्डाल के पास युवतियों पर अश्लील टिप्पणी करने और अभद्र हरकतें करने के आरोप में एंटी रोमियो पुलिस ने बुधवार को एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बाजार में सजे दुर्गा पूजा पण्डाल में महिलाएं और युवतियां सुबह-शाम पूजा-अर्चना व दर्शन के लिए पहुंच रही हैं। बुधवार दोपहर करीब १२ बजे पण्डाल के पास खड़ा एक युवक युवतियों पर अश्लील टिप्पणियां कर रहा था। इससे परेशान होकर कुछ महिलाएं बिना दर्शन किए लौट गईं। इसी दौरान चेकिंग पर निकलीं उपनिरीक्षक स्वाति वर्मा को युवतियों ने इसकी शिकायत की। उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों सरिता देवी, काजल, सौम्या, प्रियंका और पूजा के साथ मौके पर पहुंचकर युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम कुलदीप यादव पुत्र राम पदारथ यादव, निवासी रानी का पुरवा, मुस्तफाबाद, उदयपुर बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

कटरा मेदनीगंज में चोरों का आतंक पुलिस चौकी से ५०० मीटर दूर चोरी

बुलेरो से आये तीन चोर ई-रिक्शा की छह बैटरियां खोल ले गये

कटरामेदनीगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली देहात क्षेत्र के कटरा मेदनीगंज कस्बे में चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत है। पिछली रात अशरफ अली राईन के घर से जेवरात चोरी होने के बाद चोरों ने फिर वारदात को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार, देर रात बुलेरो से पहुंचे तीन लोगों ने देवता दीन गुप्ता के दो ई-रिक्शा की छह बैटरियां खोल लीं और गाड़ी में लादकर फरार हो गये।

बैटरियों की कीमत करीब ६० हजार रुपये बतायी जा रही है। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने डायल ११२ पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, कटरा चौराहे पर पुलिस चौकी होने के बावजूद चौकी से महज ५०० मीटर दूर चोरी की घटना हुई। लगातार हो रही वारदातों से लोग चिंतित हैं।

कटरा चौकी प्रभारी अभिषेक वर्मा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।



मानिकपुर के ज्वाला देवी मन्दिर में दर्शन के लिए कतार में लगे श्रद्धालु।

नवरात्र के चौथे दिन मां कूष्मांडा के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

देवी मंदिरों में लगी कतारें, जय माता दी के जयकारों से गूंजे परिसर

परियावां, प्रतापगढ़। शारदीय नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को क्षेत्र के देवी मंदिरों में मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी और श्रृंगार सामग्री अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। क्षेत्र के मानिकपुर स्थित मां ज्वाला देवी मंदिर, परियावां के माता मैया धाम और लवाना के नौलखा मंदिर सहित विभिन्न देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। पूजा पण्डालों में भी विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। महिलाओं ने देवी के समक्ष मंगलगीत गाए और जय माता दी के जयकारे लगाये। कई मंदिर परिसरों में बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार, नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा के कुष्मांडा स्वरूप की आराधना की जाती है। मान्यता है कि अपनी मंद मुस्कान से मां ने ब्रह्मांड की रचना की थी। इसी कारण उन्हें सृष्टि की आदिशक्ति कहा जाता है। मां कुष्मांडा अष्टभुजा स्वरूप में विराजमान हैं और उनका वाहन सिंह है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि मां कुष्मांडा की पूजा करने से आयु, बल, आरोग्य और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा।

आरोपित के खिलाफ चोरी का केस

लालगंज, प्रतापगढ़। खेत से सिंचाई की पाइप चोरी की घटना में लीलापुर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पूरे गोपाल दुबे देवली निवासी अतुल कुमार दुबे पुत्र स्व० भानू प्रताप ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती बारह अक्तूबर की शाम वह खेत गया था। वहां उसकी सिंचाई की पाइप गायब मिली। खोजबीन के दौरान पता चला कि थाना क्षेत्र के ही नखासा निवासी मन्नु पुत्र प्रवीन उसकी पाइप चोरी कर ले गया। आरोपित से पूछताछ को लेकर पीड़ित ने उसका वीडियो भी बना लिया।

संक्षिप्त समाचार

मेले की जमीन की पैरवी करने पर धमकी देने का आरोप

बाबागंज, प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के बहोरिकपुर गांव में ऐतिहासिक मेले की जमीन की न्यायालय में पैरवी करने पर चार ग्रामीणों को जान से मारने और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़ितों ने थाने में सामूहिक तहरीर देकर कारर‌वाई की मांग की है। श्याम बहादुर सिंह, सुबनेश सिंह, पंकज यादव और पिंटू सिंह के मुताबिक, गांव के गाटा संख्या ३१६ख की जमीन पर सदियों से ऐतिहासिक मेला लगता रहा है। भूमि को लेकर विभिन्न न्यायालयों में मुकदमे विचाराधीन हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पैरवी करने के कारण उन्हें हाथ-पैर तोड़ने और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने धमकी की रिकार्डिंग होने का भी दावा किया है। थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कानूनी कारर‌वाई की जायेगी।

दुराचार और पाक्सो एक्ट में वांछित आरोपित गिरफ्तार

बाबागंज, प्रतापगढ़। महेशगंज पुलिस ने दुराचार और पाक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित आरोपित विशाल कुमार को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। वह रायबरेली जिले के डीह थाना क्षेत्र के रोखा गांव का निवासी है। पुलिस ने उसके कब्जे से सफेद रंग का ओप्पो स्मार्टफोन बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, उपनिरीक्षक संतोष कुमार टीम के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि डीहवा जलालपुर की घटना का आरोपित संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के नेवादा खुर्द गांव में रिश्तेदार के घर मौजूद है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। आरोपित के खिलाफ मारपीट, पाक्सो सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी टीम में कांस्टेबल सुनील कुमार, अजीत यादव और महिला आरक्षी सीमा गुप्ता शामिल रहीं।

नैतिक जीवन में ही पूजा का प्रतिफल

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर के दीवानी वार्ड में हो रही श्रीमदभागवत कथा में बुधवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी दिखी। कथा व्यास श्रीधाम वृन्दावन से पधारे पं० रामकृपाल त्रिपाठी ने कहा कि भगवान की कथा सुनने से ही जीवन का संताप मिट जाया करता है। उन्होंने कहा कि भगवान की उपासना का फल तभी मिलता है जब मन की निर्मलता से प्रभु में ध्यान लगे। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने जीवन में नैतिकता का मार्ग धर्म का मूल बताया है। कथा के संयोजक प्रमोद मिश्र ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डर नं0ः पी0आर0वाई0जे0-सिग-410-2026-27 दिनांकः 13.10.2026

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता/समन्वय/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए **ई-निविदा** निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 04.11.2026** को **15:00 बजे** तक आमन्त्रित की जाती है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैः-**

कार्य का विवरणः प्रयागराज मण्डल के अलीगढ़ से गाज़ियाबाद सेक्शन में सेक्शनल सिगनलिंग रखरखाव का अनुबंध।

अनुमानित मूल्य (रूपये में)ः ₹ 7087241.49 (सत्तर लाख सत्तासी हज़ार दो सौ इकतालीस रूपये और उनचास पैसा मात्र)

निविदा प्रतिभूति/धरोहर राशि (रूपये में)ः ₹ 141800.00 | **कार्य समापन की अवधिः** 12 माह

निविदा बन्द होने/खुलने की तिथि : 04.11.2026

निविदा प्रपत्रों की उपलब्धताः निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे। **बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूपः** निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ जमा की जाएगी, बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जाएगी। **निविदा खुलने का समय, तिथि एवं स्थानः** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि **15.30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। **निविदा की वैधताः** निविदा खुलने के 60 दिन तक। **निविदा सम्बन्धित रेलवे के अधिकारः** रेलवे प्रशासन का, किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

2341/26(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in